हर-हित स्टोर

चर्चा में क्यों?

- हाल ही में **हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HAICL)** के प्रबंध निदेशक रोहित यादव ने बताया कि हरियाणा के गाँवों में 2 अक्टूबर को आधुनिक रिटेल स्टोर 'हर-हित' खोले जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- उन्होंने बताया कि '**हर-हित**' स्टोरों को खोलने की योजना 2 अगस्त को शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत हरियाणा सरकार स्टार्टअप के साथ-साथ लगभग एक दर्जन **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs)**, **किसान उत्पादक संगठनों (FPOs)**, **सरकारी सहकारी संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों (SHGs)** को उनके व्यवसाय को बढ़ाने के लिये एक मंच प्रदान करेगी।
- एक सितंबर से दुकानों हेतु जो स्थल स्थापित होने के लिये तैयार हैं, उनमें से 300 स्थलों का आवंटन किया जा चुका है, जबकि शेष स्थलों के आवंटन की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही योजना की फ्रेंचाइजी नीति के तहत 100 अनुबंध किये गए हैं।
- पहले चरण में 2000 'हर-हित' रिटेल स्टोर और दूसरे चरण में 3000 रिटेल स्टोर खोले जाएंगे।
- शहर में उपभोक्ताओं के साथ-साथ गाँवों के उपभोक्ताओं को भी समय-समय पर 5 से 50 प्रतिशत की विशेष छूट पर शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर की 50 कंपनियों से बेकरी, भोजन, होमकेयर, पर्सनल केयर आदि सहित शीर्ष एफएमसीजी उत्पाद इन दुकानों पर मिलेंगे।
- केयरखादी, वीटा, हैफेड सहित समूहों के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद भी हर-हित स्टोर्स में उपलब्ध कराए जाएंगे।
- सुचारु कामकाज सुनिश्चित करने के लिये इन स्टोरों को संपूर्ण आईटी सपोर्ट सिस्टम से लैस किया जा रहा है तथा सभी बिक्री पॉइंट ऑफ सेल सिस्टम के माध्यम से की जाएगी।
- फ्रेंचाइज पार्टनर को हर-हित पीओएस मशीन, ईआरपी सॉफ्टवेयर, फ्रेंचाइजी ऐप, ऑन-कॉल सपोर्ट सेल आदि सहित संपूर्ण आईटी समाधान प्रदान किये जाएंगे।
- पीओएस मशीन के माध्यम से सामान स्कैन करने, बिलिंग, ऑनलाइन भुगतान और स्टॉक ऑर्डर करने की सुविधा दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/har-hith-stores